इंस्टीट्यूट के हंड्रेड परसेंट स्टूडेंट्स का समर इंटर्नशिप के लिए सेलेक्शन

आईआईएम रांची के स्टूडेंट्स पर कॉरपोरेट घरानों का आया दिल

पीजीडीएम और पीजीएचआरएम (2018-20) के स्टूडेंट्स कंपनियों में सीखेंगे कामकाज

253	106	95	1.70
स्टूडेंट्स का हुआ सेलेक्शन	कंपनियों से मिला स्टूडेंट्स को ऑफर	हजार पर मंथ का पैकेज ऑफर	लाख रुपए का मैक्सिमम ऑफर

ranchi@inext.co.in

RANCHI (15 Jan) : आईआईएम रांची के स्टूडेंट्स पर हर साल की तरह इस साल भी विभिन्न कंपनियों का दिल आया है. इंस्टीट्यूट के पीजीडीएम और पीजीएचआरएम (2018-20) के 253 स्टूडेंट्स को 106 कॉरपोरेट घरानों की ओर से समर इंटर्नशिप के लिए ऑफर मिला है. इन स्टूडेंट्स को अवरेज 95 हजार रुपए पर मंथ मिलेंगे, जबकि सबसे ज्यादा 1.70 लाख रुपए का ऑफर इसमें शामिल है. इस तरह यहां के तकरीबन हंड्रेड परसेंट स्टूडेंट्स का सेलेक्शन समर इंटर्नशिप के लिए हो चुका है.

दो माह का इंटर्नशिप

आईआईएम स्टूडेंट्स का समर इंटर्नशिप दो माह का होता है. जून-जुलाई महीने में जब इंस्टीट्यूट में समर वैकेशन होता है तो स्टूडेंट्स समर इंटर्नशिप के तहत बड़ी कंपनियां में कामकाज के तौर-तरीकों को न सिर्फ सीखते हैं, बल्कि इसके एवज में उन्हें पेमेंट भी किया जाता है. इस तरह स्टूडेंट्स पढ़ाई के साथ-साथ दो माह कमाई भी करते हैं.

बड़ी व मल्टीनेशनल कंपनियों से ऑफर

आईआईएम के स्टूडेंट्स को समर इंटर्नशिप का ऑफर कई बड़ी कंपनियों से मिला है. इसमें गूगल से लेकर फ्लिपकार्ट तक शामिल हैं. एक-एक स्टूडेंट को दो अथवा उससे अधिक कंपनियों ने ये ऑफर दिया है. अब यह स्टूडेंट पर निर्भर करता है कि वह किस कंपनी में जाना चाहता है. बता दें कि स्टूडेंट्स को दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरू में स्थित कंपनियों में समर इंटर्नशिप के लिए जाना होगा.

कंपनी में सीखेंगे कामकाज और कमाई भी करेंगे

आईआईएम रांची के स्टूडेंट्स समर इंटर्नशिप के दौरान न सिर्फ कंपनियों में कामकाज सीखेंगे, बल्कि कमाई भी कर सकेंगे. दो माह के लिए स्टूडेंट्स को 95 हजार रुपए पर मंथन का ऑफर मिला है. ये स्टूडेंट्स इंटर्नशिप के दौरान मार्केटिंग, फाइनेंस, ऑपरेशंस, जेनरल मैनेजमेंट, आईटी, एनालिटीक, कंसल्टिंग और अन्य सेक्टर के बारे में जानकारी हासिल कर सकेंगे. उच्च पदों पर मौजूद कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ उन्हें कार्य करने का मौका भी मिलता है. आइआइएम आर कॉरपोरेट कंपनियों की पहली पसंद बना हुआ है.

iNext, 16.01.2019, Pg. 2